प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

उपराष्ट्रपति शपथ

सी.पी. राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व राष्ट्रखपति रामनाथ कोविन्दक, पूर्व उपराष्ट्रंपति जगदीप धनखड, केन्द्री य मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। सी.पी. राधाकृष्णन ने इस महीने की नौ तरीख को हुए उपराष्ट्रापति चुनाव में जीत हासिल की थी। एन.डी.ए. उम्मीनदवार राधाकृष्णन को 4 सौ 52 वोट मिले। उन्होंने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को एक सौ 52 मतों से हराया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सी पी राधाकृष्णन को जनता की सेवा में समर्पित उनके सफल उपराष्ट्रपति पद के कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट् में नरेंद्र मोदी ने कहा कि सी.पी. राधाकृष्णन एक समर्पित लोक सेवक हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कार्य और लोकतंत्र को मजबूत करने में समर्पित किया है।

पीएम–ज्ञान भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ज्ञान भारतम पोर्टल का भी शुभारंभ करेंगे। यह पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल शुरू हुआ। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

जीएसटी सुधार–टैक्स फ्री वस्तुएं

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी दरों में सुधार की घोषणा की थी। उनका यह सपना 3 सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों का जीवन आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम करने को मंजूरी दे दी। एक रिपोर्ट–

वीओ––––अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने नई आवश्यक वस्तुओं को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त करके आम आदमी पर बोझ कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे दूध, फैक्ट खाद्य पदार्थ, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं, दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ अब जीएसटी से मुक्त हैं। सभी प्रकार की ब्रेड को अब बिना जीएसटी वाले स्लैब में रखा गया है, जिससे यह लोगों के लिए और भी किफायती हो गई है। वहीं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की ओर देखें तो सरकार ने इस क्षेत्र में भी लोगों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने 33 जीवन रक्षक दवाओं पर से पूरी तरह से जीएसटी हटाने का फैसला किया है। इसके साथ ही छात्रों पर कर का बोझ कम करने के लिए अधिकांश स्टेशनरी सामानों को अब शून्य जीएसटी श्रेणी में रखा गया है। टेक्सटाइल सेक्टर में भी अब कई धागे कर मुक्त कर दिए गए हैं।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने भारी बारिश से प्रभावित चंबा जिला के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महाजन ने प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

राकेश जमवाल

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को संवेदनहीन करार देते हुए आपदा में राजनीति करने के आरोप लगाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व भाजपा आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी हैं और उनकी भरपूर मदद कर रही है। राकेश जमवाल ने कहा कि आपदा प्रभावित हिमाचल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में प्रदेश का दौरा कर 15 सौ करोड़ रुपये की फौरी राहत देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों का दुख दर्द बांट रही है लेकिन सुक्खू सरकार के पास प्रभावितों की सुध लेने का समय नहीं है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मानूसन की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों के अलावा 5 सौ 83 अन्य सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 8 सौ 6 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 64 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विभाग ने आज से 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

———————————